

# काराबाओ कप के तीसरे दौर में लिवरपूल-टोटेनहम की टक्कर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने ब्राइटन

लंदन

**काराबाओ कप 2026-27 के तीसरे दौर में लिवरपूल का सामना टोटेनहम हाटस्पर से होगा। वहीं मैनचेस्टर यूनाइटेड की भिड़ंत ब्राइटन एंड होव एल्बियन से होगी। तीसरे दौर में प्रीमियर लीग की छह टीमें आपस में भिड़ सकती हैं।**

यूरोपीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाली इंग्लैंड की नौ टीमें—आर्सेनल, मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी, मैनचेस्टर यूनाइटेड, एस्टन विला, लिवरपूल, ब्राइटन एंड होव एल्बियन, सुंदरलैंड, बोर्नमाउथ और क्रिस्टल पैलेस—तीसरे दौर से प्रतियोगिता में उतरेंगी।

मैनचेस्टर सिटी के सामने नार्विच सिटी की चुनौती होगी, जबकि पिछले साल की उपविजेता आर्सेनल का सामना इप्सविच टाउन से होगा। एस्टन विला को कोवेंट्री सिटी और सुंदरलैंड को हल सिटी से खेलना है।

चेल्सी का मुकाबला लीड्स यूनाइटेड से हो सकता है, लेकिन इसके लिए उसे ल्यूटन टाउन को हराना होगा। न्यूकैसल यूनाइटेड का सामना मिलवाल से और एवर्टन का मुकाबला वूल्व्स से होगा।

यूईएफए प्रतियोगिताओं के मुकाबलों से टकराव से बचने के लिए तीसरे दौर के मैच सात से 14 सितंबर के सप्ताह में खेले जाएंगे।

### काराबाओ कप तीसरे दौर का ड्रा

- क्रिस्टल पैलेस बनाम मिडिल्सब्रो
- मैनचेस्टर यूनाइटेड बनाम ब्राइटन
- मैनचेस्टर सिटी बनाम नार्विच सिटी
- सुंदरलैंड बनाम हल सिटी
- इप्सविच टाउन बनाम आर्सेनल
- कोवेंट्री सिटी बनाम एस्टन विला
- बोर्नमाउथ बनाम लिंकन सिटी
- लिवरपूल बनाम टोटेनहम हाटस्पर
- चेल्सी या ल्यूटन टाउन बनाम लीड्स यूनाइटेड
- मिलवाल बनाम न्यूकैसल यूनाइटेड
- फ्लीटवुड टाउन बनाम शेफील्ड यूनाइटेड
- एवर्टन बनाम वूल्व्स
- लेटन ओरिएंट बनाम ब्रैडफोर्ड सिटी
- रीडिंग बनाम ब्रेंटफोर्ड
- पीटरबरो यूनाइटेड बनाम बार्नस्ले
- वेस्ट हैम यूनाइटेड बनाम फुलहम या एएफसी विम्बलडन।

## न्यूज ब्रीफ

### सीपीएल : सेंट लूसिया किंग्स ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को हराया, अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा

**पोर्ट आफ स्पेन।** टिम सेफर्ट के शानदार नाबाद शतक और कप्तान रोस्टन चेज की तूफानी गेंदबाजी के दम पर



सेंट लूसिया किंग्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स को 36 रन से हराकर अंक तालिका में फिर से शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट लूसिया किंग्स ने 20 ओवर में चार विकेट पर 211 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टूर्नामेंट में उसका दूसरा 200 से अधिक का स्कोर है। सेफर्ट ने 61 गेंदों पर नाबाद 105 रन की शानदार पारी खेली। कामिल पूरन ने 17 गेंदों पर 25 रन बनाकर टीम को तेज शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 34 गेंदों में 60 रन जोड़े। जान कैंपबेल ने 17 गेंदों पर 27 रन बनाए और सेफर्ट के साथ 38 गेंदों में 75 रन की साझेदारी की। चारिथ असलंका ने 21 गेंदों पर 33 रन की उपयोगी पारी खेली। सेफर्ट ने अंतिम ओवर में 57 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट राइडर्स की टीम को कप्तान रोस्टन चेज ने आठवें ओवर में बड़ा झटका दिया। चेज ने सिर्फ पांच गेंदों के अंदर सुनील नरेन, मैथ्यू ब्रीट्जके और निकोलस पूरन को आउट कर दिया। मैथ्यू फोर्ड ने इसके बाद कीरोन पोलार्ड की 65 रन की आक्रामक पारी का अंत किया। सेंट लूसिया के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाए रखा और नाइट राइडर्स को 175 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ सेंट लूसिया किंग्स के आठ अंक हो गए हैं और वह टूर्नामेंट में यह उपलब्धि हासिल करने वाली दूसरी टीम बन गई है।

### आस्ट्रेलिया सीरीज के लिए भारत की अंडर-19 टीम घोषित, सहवाग और द्रविड़ के बेटों को मौका



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के भारत दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम की घोषणा कर दी गई है। दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय और दो बहुदिवसीय मुकाबले खेले जाएंगे। भारतीय टीम में आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ जैसे चर्चित नामों को जगह मिली है। एकदिवसीय मुकाबलों के लिए लक्ष्य रायचंदानी को कप्तान और यशवर्धन चौहान को उपकप्तान बनाया गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग और अन्वय द्रविड़ भी टीम का हिस्सा हैं। एकदिवसीय टीम लक्ष्य रायचंदानी (कप्तान), यशवर्धन चौहान (उपकप्तान), रजत बघेल (विकेटकीपर), आर्यवीर सहवाग, वीके विनीत, कुशाग्र ओझा, अर्जुन राजपूत, मनाल चौहान, अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर), वी. यशवीर, रोहित यादव, शाविन विनोद, मोहित उलवा, चिगुरुपति वेंकट और काव्या पटेल। मल्टी-डे मुकाबलों के लिए भारत की अंडर-19 टीम : यशवर्धन चौहान (कप्तान), लक्ष्य रायचंदानी (उपकप्तान), सागर विर्क, कुशाग्र ओझा, मनाल चौहान, कुश पटेल, मानव कृष्णा (विकेटकीपर), अभिप्राय विश्वास (विकेटकीपर), रोहित यादव, ईशान ओम, अयान अकरम, प्रणव राघवेंद्र, प्रियांशु सिंह, मोहित उलवा, आर्यन यादव।

### 7 अक्टूर से अहमदाबाद में होगी राष्ट्रमंडल क्यू स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

**अहमदाबाद।** यहां 7 से 10 अक्टूबर तक अहमदाबाद के सावरकर खेल परिसर में राष्ट्रमंडल क्यू स्पोर्ट्स



चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी। इसमें 46 देश भाग लेंगे।चार दिवसीय इस प्रतियोगिता से क्यू स्पोर्ट्स के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने को बेहतरीन अवसर मिलेगा। इसमें लगभग 46 देशों के खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। इस आयोजन से भारत को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी उपस्थिति और मजबूत करने का अवसर देगा। भारतीय बिलियर्ड्स और स्नूकर महासंघ (बीएसएफआई) के अनुसार, चैंपियनशिप में पुरुष और महिला वर्ग में बिलियर्ड्स, स्नूकर, हेयबाल, 10-बाल पूल और ब्लैकबाल जैसी विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। चार मुख्य स्पर्धाओं में पुरुष और महिला वर्ग में 16-16 खिलाड़ी इसमें उतरेंगे। इस साल के कार्यक्रम में विशेष रूप से बिलियर्ड्स को शामिल किया गया है, जिसमें दोनों वर्गों में आठ-आठ खिलाड़ियों का ड्रा होगा, जिससे प्रतियोगिता और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। इस चैंपियनशिप का आयोजन विश्व बिलियर्ड्स खेल महासंघ (डब्ल्यूसीबीएस) और बीएसएफआई के तत्वावधान में एपेक्स स्पोर्ट्स द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता को क्यू स्पोर्ट्स के लिए एक बड़े अंतरराष्ट्रीय मंच माना जा रहा है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए बीएसएफआई ने 13 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है।

# बीबीएल में अब खिलाड़ियों को मिलेगी मोटी रकम, सीए ने टीमों को दी फैसले की आजादी

सिडनी

आस्ट्रेलियाई घरेलू क्रिकेट लीग (बीबीएल) में अब खिलाड़ियों को मोटी रकम मिलेगी। इसका कारण ये है कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने अनुबंध से जुड़ी रोक हटाते हुए नये नियम लागू कर दिये हैं। इसके तहत अब क्लब आस्ट्रेलियाई और विदेशी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में खेलने के लिए पहले से कहीं अधिक राशि दे सकेंगे। आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के साथ बातचीत के बाद, सीए ने इन सुधारों की घोषणा की।

नए नियमों का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष ये है कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए चली आ रही ड्राफ्ट व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा, बड़े घरेलू खिलाड़ियों को ज्यादा वित्तीय लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से ज़रूरी बड़े घरेलू खिलाड़ियों की संख्या कम कर दी गई है, जिससे क्लबों के पास बेहतर प्रतिभाओं पर अधिक निवेश करने के लिए पर्याप्त राशि रहेगी।

अब क्लबों के पास विदेशी खिलाड़ियों को अनुबंधित न करने का विकल्प भी होगा। इस बदलाव का लाभ कुछ प्रमुख आस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मिलेगा। हाल में मेलबर्न रेनेगेड्स छोड़ने वाले आस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर एडम जम्पा को अब कोई न्या क्बब मिल सकता है। इसी प्रकार आस्ट्रेलिया के टी-20 विकेटकीपर जाश इंग्लिश को भी कोई नई टीम मिल सकती है। इसका कारण है कि पर्थ स्कार्चर्स के साथ उनका अनुबंध समाप्त हो गया है।

गौरतब है कि आस्ट्रेलिया के कई बड़े बीबीएल खिलाड़ी और विभिन्न क्लब लंबे समय से विदेशी खिलाड़ियों के लिए बनी ड्राफ्ट प्रणाली से सहमत नहीं थे, क्योंकि इसके कारण कई बार कम मशहूर विदेशी खिलाड़ियों को ड्राफ्ट नियमों की वजह से स्थानीय खिलाड़ियों से कहीं अधिक रकम मिल जाती थी जिससे टीम संतुलन और वित्तीय प्रबंधन में समस्या आती थी।

बीबीएल के प्रमुख् एलिस्टर डाब्सन ने कहा कि यही नियम महिला लीग पर भी लागू होंगे। साथ ही कहा कि क्लबों को अलग-अलग खिलाड़ियों की कीमत और उनके घरेलू या विदेशी होने के आधार पर समीक्षा करने की आजादी दी गयी है। इसके बावजूद, हमें उम्मीद है कि हमारी लीग में बेहतरीन विदेशी खिलाड़ी आते रहेंगे क्योंकि वे हर टीम के लिए अहम भूमिका निभाते हैं।




### कार्तिक को कोच बनाये सीएसके : हेडन

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर और सीएसके के पूर्व सलामी बल्लेबाज रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि दिनेश कार्तिक को टीम का नया मुख्य कोच बनाया जाना चाहिये। आईपीएल की पांच बार की खिताब विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) अपने कोच स्टीफन फ्लेमिंग के इस्तीफे के बाद से ही नये कोच की तलाश में है। इसके बाद से ही कोच पद के लिए पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी, इयोन मोर्गन और माइकल हसी के नाम की चर्चाएं चल रही हैं। हेडन ने कहा कि कार्तिक को स्थानीय होने का लाभ मिलेगा। हेडन के अनुसार, उनका स्थानीय होना सीएसके के लिए कोच के तौर पर उन्हें एक आदर्श उम्मीदवार बनाता है। उन्होंने साथ ही कहा, मुझे पता है कि कई फ्रेंचाइजी अंतरराष्ट्रीय कोच चुनती हैं पर मुझे लगता है कि सीएसके जैसी बड़ी फ्रेंचाइजी के लिए मुख्य कोच की भूमिका में स्थानीय कोच होना बेहतर होगा। इसलिए मुझे लगा कि दिनेश इसके लिए एकदम सही रहेंगे। स्थानीय पहचान के अलावा, कार्तिक की कोचिंग क्षमताएं भी काफी अच्छी हैं। पिछले तीन सालों में, कार्तिक रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रहे हैं, एक ऐसी टीम जिसने हाल के सीज़न में मजबूत प्रदर्शन किया है और उनकी कोचिंग काबिलियत को दिखाता है। हेडन ने इस बात पर जोर दिया कि फ्रेंचाइजी के लिए सही व्यक्ति का चुनाव करना बेहद आवश्यक है। हेडन ने फ्लेमिंग और धोनी की शानदार साझेदारी की भी सराहना की, जिन्होंने मिलकर सीएसके को रिकार्ड पांच आईपीएल खिताब दिलाए और मुंबई इंडियंस के बराबर सफलता हासिल की। गौरतलब है कि सीएसके ने अभी तक अपने नए मुख्य कोच को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं किया है पर हेडन का यह सुझाव निश्चित रूप से बहस छेड़ देगा कि क्या टीम अपने नए युग की शुरुआत एक स्थानीय प्रतिभा के साथ करेगी, या फिर किसी और अनुभवी को कोच बनाएगी।

# एमबाप्पे की हैट्रिक से रियल मैड्रिड की शानदार जीत, सोसिएदाद को 4-1 से रौंदा



मैड्रिड

किलियन एमबाप्पे की शानदार हैट्रिक के दम पर रियल मैड्रिड ने ला लीगा 2026-27 में रियल सोसिएदाद को 4-1 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला कोच जोस मोरिन्हो की सैंटियागो बर्नाबेयू में वापसी का पहला घरेलू मैच भी था।

मोरिन्हो की टीम ने इससे पहले एस्पान्योल के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की थी, लेकिन बर्नाबेयू में सोसिएदाद के खिलाफ टीम ने कहीं अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

एमबाप्पे ने मैच के पहले हाफ के समाप्त होने से पांच मिनट पहले फेडेरिको वाल्वेर्दे के पास पर शानदार बाएं पैर का शाट लगाकर रियल को बढ़त दिलाई।

हालांकि, सोसिएदाद ने पहले हाफ की समाप्ति से पहले बराबरी कर ली। लुका सुचिच ने डिफ्लेक्शन का फायदा उठाते हुए गेंद को गोलकीपर थिबाउट कोर्टुआ के पार पहुंचा दिया।

दूसरे हाफ में जूड बेलिंगहम ने रियल मैड्रिड की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो गोल में असिस्ट किया। पहले बेलिंगहम ने एमबाप्पे के साथ शानदार तालमेल बनाते हुए उन्हें गेंद उपलब्ध कराई, जिसे एमबाप्पे ने गोल में बदलकर रियल को फिर बढ़त दिला दी।

इसके बाद बेलिंगहम ने शानदार ताकत और जुझारूपन दिखाते हुए गेंद को गोल लाइन के करीब से बचाया और विनिसियस जूनियर के लिए पास दिया। विनिसियस ने कोई गलती नहीं की और रियल की बढ़त 3-1 कर दी।

एमबाप्पे ने इसके बाद विनिसियस के पास पर गोलकीपर के ऊपर से शानदार चिप लगाकर अपनी हैट्रिक पूरी की और रियल मैड्रिड की जीत पक्की कर दी।

इस जीत के साथ रियल मैड्रिड छह अंकों के साथ ला लीगा तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। सेविला और रियल बेटिस के भी छह अंक हैं। रियल मैड्रिड का अगला मुकाबला रविवार को मलागा से होगा।

### अब आस्ट्रेलियाई क्रिकेट में खेलती नजर आयेंगी अनाया बांगर



**मुंबइ।** पूर्व भारतीय क्रिकेट क्रिकेट और कोच संजय बांगर की बेटी अनाया बांगर अब आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट में खेलती नजर आयेंगी। अनाया को क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) ने एक ट्रांस क्रिकेटर के रूप में शामिल किया है। अनाया ने अपनी आस्ट्रेलियाई क्रिकेट यात्रा और ट्रांस क्रिकेटर के रूप में अपनी पहचान को लेकर सोशल मीडिया के जरिये अपनी बात रखी है। वह शीघ्र ही आस्ट्रेलिया भी जाने वाली हैं। अपनी पूरी क्रिकेटिंग यात्रा और मैदान पर वापसी को लेकर अनाया ने कहा, मैं मार्च 2027 से ही आस्ट्रेलिया में एलीट महिला क्रिकेट में वापसी की तैयारी कर रही हूं, हालांकि ये आसान नहीं रहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया के पास महिला खेलों के लिए एक बेहतरीन ढ़ाचा है और वह भी इससे गुजरी हैं। अनाया ने कहा किया कि अगर मार्च 2027 में हुई जांच में ये पाया जाता है कि मैं सभी जरूरी टेस्टोस्टेरोन क्राइटेरिया को पूरा करती हूं, तो मैं एलीट महिला क्रिकेट टीम में चयन प्रक्रिया में शामिल होने के योग्य हो जाऊंगी।

## एमपीसीए वार्षिक पुरस्कार समारोह में भोपाल क्रिकेट का गौरव बढ़ा




**भोपाल।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में भोपाल डिवीजन ने शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष 2025-26 के इस समारोह में भोपाल के वरिष्ठ क्रिकेटर एवं कोच सुरेश चेनानी को प्रतिष्ठित निष्काम कर्मयोगी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

सुरेश चेनानी को चांदी की मोमेंटो के साथ 1 लाख 11 हजार 111 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह अवार्ड भोपाल डिवीजन के किसी खिलाड़ी अथवा कोच को पहली बार मिला है। इस सम्मान से भोपाल क्रिकेट जगत में खुशी का माहौल है।

पिछले वर्ष टीमों के शानदार प्रदर्शन के आधार पर भोपाल डिवीजन को 7 लाख 13 हजार 500 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। यह राशि डिवीजन और विजेता टीम अंडर-18 बॉयज एवं सीनियर महिला वर्ग के खिलाड़ियों के लिए दी गई। पुरस्कार बीडीसीए सचिव शांति कुमार जैन ने एमपीसीए के मंच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर जवागल श्रीनाथ, ज्योतिरादित्य सिंधिया, महान आर्यमन सिंधिया, सुधीर असनानी, विनीत सेठिया और अनुराधति किरकिरे की उपस्थिति में प्राप्त किया। वर्ष 2024-25 की डिवीजन इंसेंटिव योजना के तहत 10 डिवीजनों में इंदौर को प्रथम और उज्जैन को द्वितीय स्थान मिला। दोनों डिवीजनों को क्रमशः 7.50 लाख और 5 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। भोपाल डिवीजन अपने 50 वर्षों के इतिहास में मात्र आधे अंक से पीछे रहकर तीसरे स्थान पर रहा, जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह, मैनेजिंग कमेटी सदस्यों और लाइफ मेंबर्स ने खिलाड़ियों, कोचों और सुरेश चेनानी को बधाई दी।

# भारतीय टीम के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाना कठिन होगा : द्रविड़

**न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया से मिलेगी कड़ी टक्कर**

मुम्बई

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा है कि टीम इंडिया के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में पहुंचना कठिन होगा। द्रविड़ के अनुसार भारतीय टीम अभी अंक तालिक में पांचवे नंबर पर है और उसे खिताबी मुकाबले में अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए अपने बचे हुए अधिकतर मैच जीतने होंगे। द्रविड़ ने कहा कि अगर भारतीय टीम मौजूदा स्थिति के बावजूद डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहता है, तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी। द्रविड़ ने साथ ही कहा, मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने में सफल रहेगी। मुझे लगता है कि भारतीय टीम थोड़ा पीछे चल रही है, लेकिन भारतीय टीम बहुत शानदार है और उसे किसी भी



स्तर पर कम नहीं आंका जा सकता। उसने श्रीलंका के खिलाफ अच्छी शुरुआत की, इसलिए पहला कदम बहुत अच्छा है।

हालांकि भारतीय टीम की असली परीक्षा अगले साल न्यूजीलैंड दौरे पर होगी। तब भारतीय टीम को जनवरी 2027 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। वहीं इससे पहले भारतीय टीम न्यूजीलैंड में दो टेस्ट मैच खेलेगी। इस दौरे में पांच एकदिवसीय और उतने ही टी-20 मैच भी रहेंगे। द्रविड़ ने इस दौरे को लेकर कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ उनके घरेलू मैदानों पर खेलना हमेशा ही चुनौती पूर्ण रहा है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी का अहसास टीम को होगा। द्रविड़ ने कहा, भारत के कई युवा खिलाड़ियों ने न्यूजीलैंड के कठिन हालातों में नहीं खेला है, इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। न्यूजीलैंड की टीम कड़ी चुनौती पेश करती है। न्यूजीलैंड के बाद, भारतीय टीम को अपनी धरती पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर-गावस्कर ट्राफी में पांच टेस्ट मैचों की एक और कठिन सीरीज खेलनी होगी। इस पूर्व भारतीय कप्तान ने बताया कि घरेलू सीरीज भी आसान नहीं होगी क्योंकि आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाड़ी भारत में अच्छा प्रदर्शन करने और जीत हासिल करने के लिए बेताब रहेंगे।

### शाह ने 2030 राष्ट्रमण्डल और 2036 ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में 2030 राष्ट्रमण्डल खेलों गेम्स और 2036 में प्रस्तावित ओलंपिक खेलों की तैयारियों की समीक्षा की। शाह ने शहर को इन मेगा स्पोर्ट्स इवेंट्स की मेजबानी के लिए तैयार करने को कहा। साथ ही व्यवस्थाओं की प्रगति का आंकलन किया। गौरतलब है कि अहमदाबाद 2030 कामनवेल्थ खेलों की मेजबानी के लिए अपनी खेल संरचना और अन्य सुविधाओं को तेजी से बढ़ा रहा है। इससे साथ ही भारत ने 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए अपनीबोली लगाई है, जिसमें अहमदाबाद को ही मुख्य मेजबान शहर के बनाया है। शाह ने इससे पहले मई में भी इन दो बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा की थी। तब उन्होंने केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहमदाबाद में खेल संरचनाओं और उनसे जुड़े प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा बैठक की थी। समीक्षा बैठक इसलिए भी की जा रही है क्योंकि राष्ट्रमण्डल खेलों से पहले अहमदाबाद की खेल संरचना को वैश्विक मानकों के अनुरूप बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में मोटेरा में स्थित अत्याधुनिक नरेंद्र मोदी स्टेडियम को और विकसित किया जा रहा है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लेव का निर्माण कार्य भी तेजी से जारी है, जो शहर को विश्व स्तरीय खेल सुविधाओं से लैस करेगा। केंद्र सरकार ने पहले ही यह स्पष्ट कर दिया है कि 70 से अधिक देशों में खेल संरचना, खेल सहभागिता और अन्य सुविधाओं के गहन निरीक्षण और मूल्यांकन के बाद भारत को 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी का अधिकार प्रदान किया गया था।